पत्रांकः–10 / न–39 / 2017.........................

## शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।

प्रेषक,

**पी० एन० मिश्रा,**
विशेष निदेशक, (माध्यमिक शिक्षा)

सेवा में

**अध्यक्ष,**
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,
शिक्षा केन्द्र, 2 कम्युनिटी सेंटर,
नई दिल्ली–110092

पटना, दिनांक................

विषयः– **महावीरी सरस्वती विद्या मंदिर, पंचमंदिरा, बरहन गोपाल, सीवान को CBSE बोर्ड, नई दिल्ली से संबंद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है **महावीरी सरस्वती विद्या मंदिर, पंचमंदिरा, बरहन गोपाल, सीवान** को अनापत्ति प्रमाण–पत्र देने के संबंध मे उक्त विद्यालय के प्राचार्य / सचिव / विद्यालय प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराये गये कार्यपालक दण्डाधिकारी के समक्ष लिये गये शपथ–पत्र के साथ संलग्न उक्त विद्यालय के अभिलेखों / कागजातों एवं जांच समिति के प्रतिवेदन की समीक्षा विभाग की सक्षम समिति द्वारा की गयी। तद्नुसार विद्यालय की स्थिति निम्न प्रकार पाई गई :–

1. यह विद्यालय **लोक शिक्षा समिति, बिहार** के अधीन संचालित है। इस ट्रस्ट में किसी एक व्यक्ति / परिवार का प्रभुत्व नहीं है। सोसाइटी के प्रत्येक सदस्य का ब्यौरा दिया गया है तथा शपथ पत्र भी दिया गया है।

2. विद्यालय प्रबंधन द्वारा किसी अन्य निबंधित सोसाइटी / न्यास के फ्रेन्चाईजी अथवा किसी विद्यालय के ब्रांड नेम उपयोग नहीं करने का दावा किया है।

3. विद्यालय **2 एकड़ 40 डिसमिल भूमि** उपलब्ध है। विद्यालय का भवन है तथा पुस्तकालय एवं प्रयोगशाला उपलब्ध हैं। **केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को स्थल निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करना होगा कि विद्यालय की आधारभूत संरचना एवं अन्य सभी सुविधायें बोर्ड के मानक के अनुरूप है अथवा नहीं।**

4. विद्यालय में शिक्षक नियुक्त है। विद्यालय में **कुल 22** शिक्षक है। **सी0 बी0 एस0 ई0, नई दिल्ली को यह सुनिश्चित करना होगा कि शिक्षकों की नियुक्ति, उनकी योग्यता एवं प्रशिक्षण राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के मापदण्डों के अनुरूप है अथवा नहीं।**

5. विद्यालय में हिन्दी अनिवार्य रूप से पढ़ाये जाने का दावा किया गया है।

6. विद्यालय द्वारा निर्धारित, शुल्कों, वार्षिक लेखा अंकेक्षण तथा वार्षिक प्रतिवेदन प्रतिवर्ष सार्वजनिक करने का आश्वासन दिया गया है। विद्यालय अपने आश्वासन के अनुरूप कार्रवाई करे इसे सी0 बी0 एस0 ई0, नई दिल्ली को सुनिश्चित करना होगा।

7. विद्यालय के द्वारा लिखित रूप से सहमति दी गयी है कि उसे विभागीय अधिसूचना संख्या–238, दिनांक–04.04.2006 में उल्लेखित अपेक्षित शर्ते स्वीकार है।

**अपेक्षित शर्तो के अनुसार :–**

**(i)** विद्यालय में कुल क्षमता का 25 प्रतिशत निः शुल्क नामांकन पड़ोस में निवास करने वाले परिवार के बच्चों को किया जायेगा तथा उनसे ट्यूशन शुल्क अथवा किसी अन्य प्रकार का शुल्क नहीं लिया जायेगा। ऐसे बच्चों की श्रेणी में अनुसूचित जाति, अनु0 जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, विकलांग बालिकाएं तथा सामान्य श्रेणी के परिवार जिनकी आय प्रतिवर्श रूपया 2,00,000 / –(दो लाख रूपये मात्र) से कम होगा, को रखा गया है।

(ii) विद्यालय में नर्सरी/के० जी० अथवा प्राथमिक कक्षा में नामांकन के लिए किसी तरह की प्रवेश परीक्षा/साक्षात्कार (बच्चों एवं माता/पिता सहित) नहीं लिया जायेगा। अगर नामांकन के लिए आवेदन निर्धारित क्षमता से अधिक हो तो खुले तरीका से Draw of Lots के माध्यम से नामांकन के लिए बच्चों का चयन किया जायेगा।

(iii) नर्सरी/के०जी० तथा प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रवेश लेने वाले बच्चों का विद्यालय से आवास की दूरी अधिकतम एक किलामीटर एवं उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक कक्षा में नामांकन हेतुं अधिकतम दूरी तीन किलोमीटर तक रहेगी।

(iv) जिन बच्चों का नामांकन नहीं होता है उनसे ली गई आवेदन शुल्क की राशि का 80 प्रतिशत राशि वापस लौटाने की व्यवस्था होगी।

8. यद्यपि कि विद्यालय का प्रबंधन द्वारा सभी अनिवार्य शर्त्तो को पूरा करने के संबंध में शपथ पत्र के माध्यम से दावा किया गया है, फिर भी **सी० बी० एस० ई०, नई दिल्ली अपने स्तर से जाँच कर यह सुनिश्चित हो लें कि विद्यालय उनके द्वारा निर्धारित मापदण्ड के आधार पर संचालित है।**

9. **साथ ही सी० बी० एस० ई०, को यह सुनिश्चित करना होगा कि संबंधित विद्यालय के द्वारा अपनी सहमति के अनुसार अनिवार्य एवं अपेक्षित शर्त्तो का अनुपालन किया जा रहा है।** स्कूल को यह शर्त्त सार्वजनिक करनी होगी तथा इसका उल्लेख प्रोस्पेक्टस एवं वेबसाईट में करना होगा। शर्त्तो के उल्लंघन की स्थिति में अनापत्ति प्रमाण–पत्र वापस ले लिया जायेगा तथा सम्बद्धन रद्द करने की कार्रवाई की जायेगी।

10. विभागीय पत्रांक–46, दिनांक–18.01.2008 द्वारा शिक्षक/छात्रों को शारीरिक दण्ड नहीं दिए जाने संबंधी आदेशों का विद्यालयों द्वारा पालन करना होगा।

11. **विद्यालय, बिहार सरकार के शिक्षा विभाग अथवा स्वास्थ्य विभाग के निरीक्षी पदाधिकारी के द्वारा निरीक्षण हेतु किसी भी समय खुला रहेगा।**

उपर्युक्त वर्णित शर्त्तो के आलोक में विभागीय समिति द्वारा लिये गये निर्णय **महावीरी सरस्वती विद्या मंदिर, पंचमंदिरा, बरहन गोपाल, सीवान** को सी० बी० एस० ई०, नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र इस शर्त्त के साथ प्रदान किया जाता है कि सी० बी० एस० ई० अपने स्तर से संतुष्ट होने पर ही विद्यालय की संबंधता देने पर विचार करेगी।

**विश्वासभाजन**

ह०/–

**(पी० एन० मिश्रा)**

विशेष निदेशक, (माध्यमिक शिक्षा)

ज्ञापांक : –10/न–59/2017 ......................... पटना, दिनांक...............................

**प्रतिलिपि** :– जिला शिक्षा पदाधिकारी, सीवान को सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ प्रेषित।

ह०/–

विशेष निदेशक, (माध्यमिक शिक्षा)

ज्ञापांक : –10/न–59/2017.........994......... पटना, दिनांक.....२४/९/१७.....

**प्रतिलिपि** :– प्राचार्य, महावीरी सरस्वती विद्या मंदिर, पंचमंदिरा, बरहन गोपाल, सीवान को सूचनार्थ, एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

विशेष निदेशक, (माध्यमिक शिक्षा)

बिहार शिक्षा परियोजना
मिशन महादेवा,
महादेवा ओ0पी0 के निकट
सिवान– 841227
पत्रांक : 1061

Bihar Education Project
Mission, Mahadewa
Near Mahadewa O.P.
Siwan - 841227
Dated: 27/05/2017

## कार्यालय आदेश

महावीरी सरस्वती विद्या मंदिर, माधव नगर, महादेवा ओ0पी0 के सामने, सीवान को दिनांक 26.04.2013 को जिला प्रस्वीकृति समिति की बैठक में प्रस्वीकृति प्रदान की गई थी। विद्यालय का प्रस्वीकृति संख्या RTE/SWN/SWN/2013-14/0003 है। विद्यालय के पत्रांक 07, दिनांक 29.04.2017 के द्वारा प्रस्वीकृति की अवधि विस्तार हेतु आवेदन दिया गया है। वर्त्तमान में यह विद्यालय पंचमंदिरा, बरहन गोपाल, सीवान स्थित अपने नये भवन में संचालित हो रहा है।

जबतक विद्यालय की प्रस्वीकृति का अवधि विस्तार नहीं हो जाता है, तब तक विद्यालय की प्रस्वीकृति संख्या पूर्ववत् रहेगी।

विश्वासभाजन

27/5/17

(राजकुमार)
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
प्रा0शि0 एवं सर्व शिक्षा अभियान
सीवान

27.5.17